बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

विज्ञापन संख्या 05/2015, दन्त चिकित्सा पदाधिकारी के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन बेसिक ग्रेड दन्त चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰– 05/2015 के अधीन दिनांक 16.07.2016 को प्रकाशित सूचना के बाद भी कुछ उम्मीदवारों द्वारा Attempt Certificate एवं B.D.S. के चारों सत्रों की उत्तीर्णता एवं अनुत्तीर्णता का अंक पत्र आयोग को प्रेषित नहीं किया है। वैसे उम्मीदवारों का अनुक्रमांक आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित किया गया है। वैसे उम्मीदवारों को पुनः विज्ञाप्ति/सूचना के माध्यम से अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे महाविद्यालय/विश्वविद्यालयों द्वारा निर्गत चारों सत्रों के उत्तीर्णता एवं अनुत्तीर्णता का अंक पत्र एवं Attempt Certificate की स्व–अभिप्रमाणित (Self Attested) छायाप्रति अपने अभ्यावेदन के साथ E-mail (bpscpat-bih@nic.in)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में दिनांक 05.01.2017 को संध्या 05.00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाय। अभ्यावेदन में अभ्यर्थी को अपना नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाईल संख्या एवं अनुक्रमांक (रौल नम्बर) का उल्लेख करना अनिवार्य है। उम्मीदवार प्रेषित लिफाफा पर विज्ञापन संख्या एवं पदनाम अवश्य अंकित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र निर्धारित समय तक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके अर्हता/अनर्हता/अंक–गणना पर यथोचित निर्णय लेने के लिये आयोग पूर्णतः स्वतंत्र होगा एवं इसके किसी भी प्रभाव के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगा। सूचना एवं उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

वैसे उम्मीदवार जिनका नाम/अनुक्रमांक प्रकाशित सूची में नहीं है उन्हें अंक पत्र/Attempt Certificate आयोग में भेजने की आवश्यकता नहीं है।

9/12/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना